रबर की कीमतों में वृद्धि संभव

नई दिल्ली • घरेलू बाजार में इस महीने 10 रुपये प्रति किलो तक की वृद्धि हो सकती है। केरल में मानसून के आगमन और इसके उत्पादन में गिरावट दर्ज किए जाने की संभावना से इसमें तेजी दर्ज की जा सकती है। केरल प्रमुख रबर उत्पादक देश है। फिलहाल घरेलू बाजार में रबर की कीमत 226 रुपये प्रति किलो है और संभावना है कि यह बढ़कर 235 रुपये प्रति किलो हो जाएगा। भारतीय रबर व्यापारी संघ के अध्यक्ष जॉर्ज वेलो ने कहा कि केरल में मानसून पहुंच चुका है जिससे रबर इकट्ठा करने का काम रोक दिया गया है। इसलिए जून में रबर की कीमतें 235 रुपये प्रति किलो तक पहुंच जा सकती है। **(एजेंसी)**